मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

22 अगस्त, 2022
मुक्त चिन्तन

मुक्त विश्वविद्यालय में गठित हुआ इनक्यूबेशन सेल

दिनांक 22 अगस्त, 2022 को विश्वविद्यालय में नवगठित इनक्यूबेशन सेल के तत्वावधान में **इनक्यूबेशन स्टार्टअपः चुनौती एवं संभावनाएं** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता, इनोस्केल ग्लोबल फाउन्डेशन के सह–संस्थापक श्री अमित मिश्रा रहे तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने की।

इस अवसर पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि इनक्यूबेशन स्टार्टअप छात्रों को रोजगार की नई उर्जा प्रदान करेगा। संगोष्ठी का संचालन डॉ ज्ञान प्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ आर. जे. मौर्या ने किया। अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विद्या शाखाओं के निदेशक, प्रभारी तथा शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह

संगोष्ठी का संचालन करते हुए प्रवेश प्रभारी डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव

विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए इन्क्यूबेशन सेण्टर के प्रभारी डॉ0 संजय कुमार सिंह

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता, श्री अमित मिश्रा जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 आर0 जे0 मौर्या

प्रतिभागियों के नए विचारों को उपयोगी बनाया जाएगा : अमित मिश्रा

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री अमित मिश्रा, सह संस्थापक, ईनोस्केल ग्लोबल फाउंडेशन ने इनक्यूबेशन स्टार्टअप से संबंधित पहलुओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त प्रतिभागियों के नए विचारों को उपयोगी बनाया जाएगा।

मुख्य वक्ता श्री अमित मिश्रा

सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा इनक्यूबेशन स्टार्टअप– प्रोफेसर सीमा सिंह

माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह

विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज नवाचार और स्टार्टअप के पोषण के लिए एक मजबूत एजुकेशनल इको सिस्टम का निर्माण कर रहा है जो सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर निकलेंगे और युवाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा फोकल एवं लोकल की विचारधारा समृद्ध होगी। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के 75 जिलों में कार्य कर रहा है इसलिए पूरे प्रदेश में स्टार्टअप के पोषण के लिए विश्वविद्यालय एक हब का काम करेगा। इनक्यूबेशन सेल विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से छात्रों एवं स्थानीय लोगों के समृद्ध विचारों को पोषित करेगा। साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेगा। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने आशा व्यक्त की कि इससे उत्तर प्रदेश में रोजगार की अपार संभावनाएं फलीभूत होंगी तथा उत्तर प्रदेश में युवाओं का ब्रेन ड्रेन रुकेगा। इस कार्य में विश्वविद्यालय का इनक्यूबेशन स्टार्टअप कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ आर. जे. मौर्या